में पिछले 4 वर्षों से सरकार के समक्ष अपनी इन मांगों को रखते आ रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो इन समस्याओं के हल के लिए सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० जे० कुरियन) : (क) जी, हां।

(ख) सेवा शर्तें इत्यादि इन संस्थानों का आंतरिक मामला है और सरकार का इन पर कोई प्रशासनिक नियंत्रण नहीं है। फिर इन संस्थानों में बहुत बड़ी संख्या में काम कर रहे कर्मचारियों के हित और कल्याण को देखते हुए, सरकार ने 29.6.1990 को श्री के. सी. सोधिया की अध्यक्षता में उच्च अधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है जो कर्मचारियों की शिकायतों की जांच करेगी और उपयुक्त उपायों का सुझाव देगी। समिति ने अपनी रिपोर्ट अक्तूबर, 1991 के अन्त में प्रस्तुत कर दी है। समिति की सिफारिशों की जांच की जा रही है।

कागज उद्योग के समक्ष कठिनाइयां

2039. श्री ईश दत्त यादव : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय वन नीति के कारण उद्योग को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान राज्यवार कागज उद्योग ने कितने कच्चे माल की मांग की थी ; और

(ग) उन्हें इस अवधि के दौरान राज्यवार कितनी मात्रा में कागज उपलब्ध कराया गया ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० जे० कुरियन) : (क) राष्ट्रीय वन नीति के कारण औद्योगिक प्रयोजनों के लिए वनों पर आधारित कच्चे माल के उपयोग को प्रोत्साहन नहीं दिया जा रहा है। इसलिए कागज उद्योग को पर्याप्त मात्रा में पारंपरिक कच्चा माल न मिल पाना भी एक समस्या है।

(ख) विभिन्न एककों द्वारा कितना कच्चा माल मांगा जाता है इसके राज्यवार आंकडे केन्द्र द्वारा नहीं रखे जाते हैं।

(ग) जनवरी, से नवम्बर, 1991 की अवधि के दौरान कुल उत्पादन के राज्यवार आंकडे संलग्न विवरण में दर्शाए गए हैं।

विवरण

क्रमांक	राज्य/संघ क्षेत्र का नाम	जनवरी से नवंबर, 1991 तक का उत्पादन (लाख मी० टनों में)
1.	आंध्र प्रदेश	2.713
2.	असम	1.084
3.	बिहार	0.024
4.	गुजरात	1.670
5.	हरियाणा	1.110
6.	हिमाचल प्रदेश	0.213
7.	जम्मू और कश्मीर	0.009
8.	कर्नाटक	1.196
9.	केरल	शून्य
10.	मध्य प्रदेश	0.991
11.	महाराष्ट्र	3.515
12.	नागालैंड	0.218
13.	उडीसा	1.207
14.	पंजाब	0.820
15.	राजस्थान	0.064
16.	तमिलनाडु	1.616
17.	उत्तर प्रदेश	2.096
18.	पश्चिम बंगाल	0.858
19.	चंडीगढ़	0.016
20.	पाडिचेरी	0.032
	योग :	19.452